Regarding need to minimize distance of examination centres for convenience of students-laid

श्रीमती केशरी देवी पटेल **(फूलपुर):** मैं सरकार का ध्यान प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ जो शिक्षा मंत्रालय के अधीन विभिन्न परीक्षाओं जैसे जे.ई.ई. में भाग लेते हैं उनका परीक्षा स्थल उनके निवास स्थान से बहुत दूर लगभग 40-50 किलोमीटर या उससे भी अधिक होता है जिससे कई बार विद्यार्थियों के परीक्षा स्थल तक समय पर पहुचने को लेकर कई बार मानसिक तनाव उत्पन्न होता हैI कई बार परीक्षा स्थल अपने राज्य से बाहर भी होते हैं । मेरा माननीय शिक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं जो शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आती है, उनमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिये उनके परीक्षा स्थल की दूरी का एक मापदंड तय हो जिसमे परीक्षा स्थल की दूरी 10 K.M. या 15 K.M. और परीक्षार्थी जिस राज्य से हैं उसको परीक्षा स्थल उसी राज्य में उसके निवास स्थान से उचित दूरी पर हो ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे विद्यार्थी अनावश्यक मानसिक दबाव से बच सके I